**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 573**

**(दिनांक 23.07.2025 को उत्तर देने के लिए)**

## आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्रों का आधुनिकीकरण

**573. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने बदलती मांगों को पूरा करने के लिए बिहार सहित देश भर में आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए कोई उपाय किए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बिहार में आकाशवाणी (एआईआर) स्टेशनों के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई राशि का स्टेशनवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरूगन)**

**(क) से (ग):** सरकार ने सभी राज्यों में आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्रों (डीडीके) के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए कदम उठाए हैं।

इन केंद्रों का उन्नयन केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम यथा - प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) के अंतर्गत किया जा रहा है। इसमें बिहार सहित पूरे देश में लोक प्रसारण को मज़बूत करने के लिए बड़े पैमाने पर उन्नयन शामिल है।

इस स्कीम को 2021-26 की अवधि के लिए 2,539.61 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है।

इस स्कीम में निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान दिया गया है :

- प्रसारण उपकरणों का डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण
- पुराने सिस्टम का प्रतिस्थापन
- स्टूडियो और ट्रांसमीटर अवसंरचना का उन्नयन
- नई प्रौद्योगिकियों और डिजिटल वर्कफ़्लो को आरंभ करना

सरकार ने बिहार में प्रसारण अवसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें आकाशवाणी केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए 64.56 करोड़ रु. और दूरदर्शन केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए 4.31 करोड़ रु. शामिल हैं।

****